# महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखण्ड

डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।

ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाष 0135–2608763, फैक्स: 0135–2608746


पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 483

दिनांक : 25/01/2020

सेवा मे,

1. मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त जनपद उत्तराखण्ड।
2. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्त जिला / बेस / संयुक्त चिकित्सालय उत्तराखण्ड।

विषय : एडवायजरी **Novel Coronavirus (nCoV 2019)** विषयक।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक D.O. No. Z.18015/01/2020-EMR दिनांक 17 / 01 / 2020 (संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान में Wuhan City, China मे novel coronavirus (nCoV) का आउटब्रेक रिपोर्ट हुआ है। nCoV 2019 रोग से प्रभावित रोगीं Severe Acute Respiratory Illness (SARI) से ग्रसित पाये गये है। चीन देश में novel coronavirus 2019 (nCoV) के बढते हुए प्रभाव को देखते हुए भारत सरकार द्वारा समस्त राज्यों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। उत्तराखण्ड राज्य मे nCoV 2019 के समुचित रोकथाम हेतु निम्न कार्यवाहियां की जानी आवश्यक है :

1. nCoV 2019 के प्रभावी नियंत्रण एवं उपचार हेतु भारत सरकार द्वारा प्रदत्त गाइडलाईन (SOPs), एडवायजरी, case definition and daily reporting formats सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर जनपदों को प्रेषित की जा रही है।
2. जनपद के प्रमुख चिकित्सालयों / मेडिकल कालेज चिकित्सालयों में nCoV 2019 के मरीजो के उपचार हेतु पृथक से आईसोलेशन वार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।
3. किसी फिजीशियन / चिकित्सक को चिकित्सालय के आईसोलेशन वार्ड का नोडल अधिकारी नियुक्त करना तथा उनके नाम व कान्टेक्ट नं0 (मोबाइल) एवं आईसोलेशन वार्ड में बेडो की संख्या से सम्बन्धित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को अवगत कराना।
4. संदिग्ध मरीज को लाने व ले जाने के लिए पृथक से एक एम्बूलैंस की व्यवस्था रखें जिसमे इन्फेक्शन कन्ट्रोल की सुविधा हो।
5. nCoV 2019 प्रबन्धन व रोकथाम हेतु समस्त चिकित्सालयों तक सपोर्टिव ट्रीटमेन्ट व सामग्री (PPE, N 95 Mask, VTM etc) की उपलब्धता सुनिश्चित रखें।
6. जनपद में nCoV 2019 रोगियों हेतु चिकित्सालयों में ventilator की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
7. आई0डी0एस0पी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्विलेन्स सुदृढीकरण के लिए Acute Respirartory Infection/Influenza like illness का सघन सर्विलेन्स की दैनिक रिपोर्टिंग की जाये व राज्य स्तर पर दैनिक रिपोर्ट ई0मेल idsputtarakhand@gmail.com पर की जाये।
8. जो भी जनपद पडोसी देश चीन व नेपाल से बोर्डर साझा करते है वह संलग्नक मे वाछित सूचना प्रदान करते हुए निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें व दैनिक रूप से राज्य स्तर को सूचित करें।
9. यह भी सुनिश्चित करें कि आम जनमानस मे अनावश्यक भय की स्थिति ना उत्पन्न हो।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

भवदीया

(डा0 अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 484 Dated as above

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गढवाल मण्डल, पौडी गढवाल।
5. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमाऊ मण्डल, नैनीताल।
6. निदेशक, चिकित्सा शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।

(डा0 अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

Scanned with CamScanner

# कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
डाण्डा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून –248001
ई.मेलः- mdnhmuk@gmail.com फोन / फैक्स 0135-2608646


पत्रांक : UKHFWS/NHM/IDSP/2020/ 2640 दिनांक : 14.01.2020

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
समस्त जनपद उत्तराखण्ड।

विषयः सीजनल इन्फ्लूएन्जा (एच1एन1) प्रबन्धन के अन्तर्गत जनपद स्तरीय तैयारियों एवं आई0डी0एस0पी0 की समीक्षा हेतु दिनांक 17 जनवरी 2020 को आयोजित बैठक विषयक।

महोदय,

अवगत कराना है कि सीजनल इन्फ्लुएन्जा (एच1एन1) राज्य में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में परिलक्षित हो रहा है। आगामी माहों में सीजनल इन्फ्लुएन्जा (एच1एन1) प्रसारित होने की सम्भावना के दृष्टिगत इसके समयान्तर्गत प्रबन्धन एवं रोकथाम हेतु जनपद स्तरीय तैयारियों एवं आई0डी0एस0पी0 की समीक्षा बैठक का आयोजन मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की अध्यक्षता में दिनांक 17 जनवरी 2020 को प्रातः 12:00 बजे से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मीटिंग हाल में किया जा रहा है। उक्त समीक्षा बैठक में जनपद आई0डी0एस0पी0 यूनिट से जिला सर्विलेन्स अधिकारी, एपिडेमियोलोजिस्ट एवं माईक्रोबायोलोजिस्ट (District Public Health Laboratory अल्मोडा, पौडी गढवाल, देहरादून, उधमसिंह नगर, हरिद्वार) के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है।

अतः उपरोक्त के क्रम में जनपद आई0डी0एस0पी0 यूनिट से जिला सर्विलेन्स अधिकारी, एपिडेमियोलोजिस्ट एवं माईक्रोबायोलोजिस्ट (District Public Health Laboratory अल्मोडा, पौडी गढवाल, देहरादून, उधमसिंह नगर, हरिद्वार) को उक्त तिथि व समय पर आयोजित समीक्षा बैठक में संलग्न प्ररूप के अनुसार अद्यतन सूचनाओं सहित आवश्यक रूप से प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। उक्त समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करने हेतु TA/DA जनपद आई0डी0एस0पी0 यूनिट द्वारा वहन किया जायेगा।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(डा0 पंकज कुमार सिंह)
प्रभारी अधिकारी
आई0डी0एस0पी0

पत्रांक : UKHFWS/NHM/IDSP/2020/ 2640 दि0 14/01/2020
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
2. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
3. जिला सर्विलेन्स अधिकारी, आई0डी0एस0पी0 यूनिट समस्त जनपद, उत्तराखण्ड।

(डा0 पंकज कुमार सिंह)
प्रभारी अधिकारी

Scanned with CamScanner

**Directorate of Medical Health and family Welfare Uttarakhand**
**Danda Lakhound, P.O. Gujrada, Sahstradhara Road, Dehradun**
E-mail- dghealth.uttarakhand@gmail.com, Contact No. 0135–2608763, Fax:0135–2608746

Letter No. 23P/IDSP/CoV/2020/ 485 Dated: 25/01/2020

To,

1. The Director
   Airport Authority of India,
   Jolly Grant, Dehradun.

2. The Director
   Airport Authority of India,
   Pant Nagar.

**Subject: Reporting of passengers arriving from Coronavirus (novel Coronoavirus 2019-nCoV) affected countries reg.**

Sir,

As we all are aware of emerging situation Coronavirus (novel Coronoavirus 2019-nCoV) in China and few other countries. Ministry of Health and Family Welfare, Government of India is constantly monitoring preparedness to avoid any unusual event due to nCoV 2019 in India. Uttarakhand State is also actively making preparedness to prevent any spread of nCoV 2019 in the state. However, currently there is entry screening going on in selected internation airports in India by GoI.

For the matter of timely preparedness I would like to bring to your kind notice that we see constant cooperation and coordination with the airport authorities functioning in Uttarakhand. We request your continous support in sharing regular details of persons travelling from affected countries to Jolly Grant Airport Dehradun and Pant Nagar Airport. This support will help us in timely action. We seek further support from you and concerned officials in due course of preparedness to prevent nCoV 2019. The details of passengers may be shared on email id: idsputtarakhand@gmail.com.

Thanking You.

Yours Sincerely,

(Dr. Amita Upreti)
Director General

Letter No. 23P/IDSP/CoV/2020/ 486 Dated as above

Copy to following for information:

1. Secretary, Medical Health and Family Welfare, Govt. of Uttarakhand.
2. Secretary (Incharge), Medical Health and Family Welfare, Govt. of Uttarakhand.
3. Mission Director, National Health Mission, Uttarakhand.

(Dr. Amita Upreti)
Director General

Scanned with CamScanner

संख्या 106 /नि0स्वा0/ सचिव (प्र0)/ चि0स्वा0/ 2020

प्रेषक,

डा0 पंकज कुमार पाण्डेय,
सचिव (प्रभारी),
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिला अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

2. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/
पुलिस अधीक्षक, उत्तराखण्ड।

3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
समस्त जनपद, उत्तराखण्ड।

**चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण देहरादून : दिनाँक : 27 जनवरी, 2020**

**विषय –एडवायजरी 2019-Novel Coronavirus विषयक।**

महोदय,

जैसा की आप विदित हैं कि वर्तमान में भारत के पडोसी देश चीन में कोरोना वायरस novel coronavirus (nCoV) संक्रमण प्रसारित हो रहा है व नेपाल देश में कोरोना वायरस से संक्रमित एक रोगी की पुष्टि हुई है, चुंकि उत्तराखण्ड राज्य चीन एवं नेपाल दोनों ही देशों से अपनी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है, अतः उत्तराखण्ड राज्य में भी कोरोना वायरस के संक्रमण की सम्भावना हो सकती है, हालांकि वर्तमान तक भारत वर्ष से किसी भी रोगी की पुष्टि नही हुई है।

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आज दिनांक 27.01.2020 को विडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियन्त्रण की समीक्षा की गयी व दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

**कोरोना वायरस के नियन्त्रण एवं रोकथाम हेतु निम्न कार्यवाही की जानी है:–**

- सभी अन्तर्राष्ट्रीय सीमान्त चैक पोस्ट पर स्वास्थ्य टीम को तैनात कर सीमा पार से आने वाले व्यक्तियों को लक्षणों के आधार पर स्क्रीन किया जाये।
- सीमापार से आने वाले व्यक्तियों द्वारा स्वैच्छिक रूप से रिपोर्ट किये जाने के लिए सीमान्त चैक पोस्ट पर साईनेज व आई0ई0सी0 डिस्पले किया जाये।
- यदि कोई व्यक्ति लक्षणों के साथ पिछले एक माह में चीन देश के भ्रमण अथवा किसी कोरोना वायरस रोगी के सम्पर्क की सूचना देता है, तो उस व्यक्ति को निकटतम चिन्हित आईसोलेशन फैसिलिटी में रखा जाये। इस कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा प्रदत दिशा–निर्देश व case definition संलग्न है।
- उत्तराखण्ड राज्य में संचालित एयरपोर्ट व प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भी उपरोक्तानुसार स्क्रीनिंग व जागरूकता की जाये।
- सीमावर्ती निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रो पर आईसोलेशन की सुविधा उपलब्ध हो और पृथक से एक एम्बुलेंस की व्यवस्था रखी जाये।

220
Scan/NO(IDSP)
सह्निदेशक

2...

Scanned with CamScanner

- सन्दिग्ध मरीजों के सम्पर्क में आने वाले स्वास्थ्य कर्मी, पुलिस कर्मी एवं एम्बुलैंस स्टाफ के लिए एन–95 मास्क उपलब्ध हों।
- आईसोलेशन फैसेलिटी व चैक पोस्ट पर पी0पी0ई0 किट व एन0–95 मास्क की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध हो।
- यदि कोई सन्दिग्ध रोगी चिन्हित होता है तो शीघ्रातिशीघ्र रोगी का सैम्पल जांच हेतु N.I.V पुणे भेजा जाये।
- सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सीमा सुरक्षा बल, आई0टी0बी0पी0 व अन्य सुरक्षा बलों द्वारा भी इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाये।
- सीमावर्ती क्षेत्रों में ग्राम सभा/ग्राम पंचायतों की विशेष बैठक बुलाई जाये व बैठक के माध्यम से कोरोना वायरस को लेकर जनजागरूकता की जाये।
- सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्य-कर्ताओं द्वारा जागरूकता की जाये।
- जनपद स्तर पर पुलिस विभाग द्वारा सीमान्त चैक पोस्ट पर स्वास्थ्य टीम द्वारा स्क्रीनिंग किये जाने हेतु पर्याप्त स्थान प्रदान किया जाये व इस कार्य को सुगमता से किये जाने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाये।
- जो भी पुलिस कार्मिक सन्दिग्ध रोगियों के सम्पर्क में आते है उनके द्वारा एन0–95 मास्क का प्रयोग किया जाये।
- कोरोना वायरस सम्बन्धित किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त किये जाने एवं प्रदान किये जाने हेतु इन्टीग्रेटैड हैल्प लाईन–104 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**संलग्नक : यथोपरि।**

भवदीय,

**(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)**
सचिव (प्रभारी)

**संख्या : 106 (1–8)/नि0स0/सचिव (प्र0)/चि0स्वा0/2020, तद्दिनांकित।**
**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
4. सचिव, पंचायती राज विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
5. पुलिस महानिदेशक, उत्तरखण्ड।
6. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
7. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
8. निदेशक, एयरपोर्ट अथौरिटी, देहरादून, पंतनगर एवं पिथौरागढ़।

27/1/2020

**(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)**
सचिव (प्रभारी)

CS Scanned with CamScanner

N. 286

# महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0, उत्तराखड

डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
Email:dghealth.uttarakhand@gmail.com,Tel:0135-2608763/36, Fax:-0135-2608746

खण्ड सरकार

पत्रांक–पी0ए0–डी0जी0एम0एच0 / 2019 / 51 दिनांक 27 जनवरी, 2020

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक,
उत्तराखण्ड।

**विषयः–कोरेना वाईरस के सम्बन्ध में राज्य में विशेष सर्तकता बरते जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक, आप अवगत ही हैं कि कोरोना वायरस चीन से निकलकर अन्य एशियाई देशों के साथ–साथ भारत में भी सक्रिय हो रहा है। इस सम्बन्ध में आज दिनांक 27 जनवरी, 2020 को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं प0क0 मंत्रालय / गृह मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से समस्त राज्यों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग आहूत की गयी है, जिसमें उनके द्वारा कोरेना वायरस को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

इस सम्बन्ध में यह आवश्यकीय है कि उत्तराखण्ड राज्य के सीमान्त जनपदों / अंतराष्ट्रीय सीमा से लगे हुये क्षेत्रों अथवा बिन्दू, जहां से उत्तराखण्ड राज्य में प्रवेश होता है, में विशेष चैकिंग अभियान चलाये जायें ताकि किसी भी संदिग्ध संक्रमण प्रभावित व्यक्ति को चिन्हित किया जा सके। साथ ही राज्य स्थित एयरपोर्ट पर प्रभावित देशों से आने वाले नागरिकों पर भी संघन निगरानी रखी जानी उचित होगा।

540
27/1/20
Dg

अतः इस सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि संबंधित जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों / पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों / मुख्य चिकित्साधिकारियों से समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरेना वाईरस एडवाईजरी के अनुसार कार्यवाही करें।

संलग्नकः- एडवाईजरी

(अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

पृष्ठांकन संख्याः–पी0ए0–डी0जी0एम0एच0 / 51 (1) तददिनांकित।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं संज्ञानार्थ प्रेषितः–

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0, उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त संबंधित जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित।

(अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

Scanned with CamScanner
Scanned by CamScanner

From,
Dr. Pankaj Kumar Pandey,
Secretary (Incharge).

Letter No.

To,

1. Secretary,
   Urban Development,
   Govt. of Uttarakhand.

2. Secretary,
   Tourism,
   Govt. of Uttarakhand.

**Medical Health and Family Welfare**

**Dehradun, Date: 30.01.2020**

**Subject: Advisory for hotels in Uttarakhand state for reporting of any person travelled from primarily Wuhan City, Hubei Province of China or was in contact of any Corona Virus confirmed case in last 14 days regarding.**

Sir,

As you are aware that cluster of Pneumonia were being reported from Wuhan City, Hubei Province in China. Chinese authorities have identified it to be caused by a new type of Coronavirus (novel Coronoavirus 2019-nCoV). Ministry of Health and Family Welfare, Government of India is constantly monitoring preparedness to avoid any unusual event due to nCoV 2019 in India. Uttarakhand State is also actively making preparedness to prevent any spread of nCoV 2019 in the state. To prevent any unusual event due to Corona Virus in Uttarakhand State, the state is conducting extensive surveillance in terms of entry screenings at International borders and Airports. Currently there is no confirmed Corona Virus case in Uttarakhand.

In order to strengthen preparedness, it is essential to identify any passenger early who have visited China, primarily Wuhan City, Hubei Province of China or was in contact of any Corona Virus confirmed case in last 14 days. It might be possible, any such person may be residing in any of the Hotel in Uttarakhand state. It is a request to kindly inform and sensitize these hotel owners and managers on this issue. If any guest report to them as above, the same information must be communicated to District health authority immediately. This will help in early detection of any suspect. The advisory for hotels is enclosed.

Thanking You.

Enclosure as above.

Yours Sincerely,

(Dr. Pankaj Kumar Pandey)
Secretary (Incharge)

**Letter No.** 108/PS/Sec(I)/20

**Copy to following for information:**

1. Secretary, Medical Health and Family Welfare, Govt. of Uttarakhand.
2. Mission Director, National Health Mission, Uttarakhand.
3. Director General, Medical Health and Family Welfare, Uttarakhand.
4. District Magistrate, All Districts, Uttarakhand.
5. SSP/SP, All Districts, Uttarakhand.
6. CMOs, All Districts, Uttarakhand.

MH-3

30/1/2020

(Dr. Pankaj Kumar Pandey)
Secretary (Incharge)

Scanned with CamScanner

# महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखण्ड

डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।

ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाषः 0135–2608763, फैक्सः 0135–2608746


पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / 2020 / 487 दिनांक :30 जनवरी, 2020

सेवा में,

1. अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सा संघ देहरादून।
2. प्रदेश सचिव, भारतीय चिकित्सा संघ उत्तराखण्ड।
3. अध्यक्ष, Indian Academy of Pediatric ।
4. प्रधानाचार्य, दून मेडिकल कालेज देहरादून।
5. चिकित्सा अधीक्षक एच0आई0एच0टी0 जौली ग्रान्ट / एस0एम0आई चिकित्सालय / मैक्स चिकित्सालय / सिनर्जी चिकित्सालय / कैलाश चिकित्सालय / सी0एम0आई0।

**विषय : कोरोना वायरस के प्रभावकारी रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु दिनांक 31 जनवरी 2020 को अपरान्ह 3:00 बजे से आयोजित बैठक विषयक।**

महोदय / महोदया,

जैसा की आप विदित हैं कि वर्तमान में भारत के पडोसी देश चीन में कोरोना वायरस novel coronavirus (nCoV) संक्रमण प्रसारित हो रहा है व नेपाल देश में कोरोना वायरस से संक्रमित एक रोगी की पुष्टि हुई है, चुंकि उत्तराखण्ड राज्य चीन एवं नेपाल दोनों ही देशों से अपनी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है, अतः उत्तराखण्ड राज्य में भी कोरोना वायरस के संक्रमण की सम्भावना हो सकती है इस हेतु राज्य में सतर्कता बरती जा रही है। उत्तराखण्ड राज्य में कोरोना वायरस के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ निजी चिकित्सालयों की भी भागीदारी अति महत्वपूर्ण है।

उपरोक्त के दृष्टिगत कोरोना वायरस के प्रभावकारी रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 31 जनवरी 2020 को अपरान्ह 3:00 बजे से स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय परिचर्चा हाल द्वितीय तल में एक बैठक आहूत की गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने चिकित्सालय से सम्बन्धित चिकित्सक के साथ उक्त तिथि व समय पर उक्त बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीया,

(डा0 अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / 2020 / 488

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।

(डा0 अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

Scanned with CamScanner

# महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखण्ड

डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।

ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाष: 0135–2608763, फैक्स: 0135–2608746


पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / 2020 / 489 दिनांक : 30 जनवरी, 2020

सेवा में,

1. निदेशक, पंचायती राज।
2. विभागाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षा / माध्यमिक शिक्षा / उच्च शिक्षा विभाग।
3. विभागाध्यक्ष ग्राम्य विकास।
4. विभागाध्यक्ष शहरी विकास।
5. विभागाध्यक्ष सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग।
6. विभागाध्यक्ष परिवहन विभाग।
7. विभागाध्यक्ष महिला एवं बाल विकास विभाग।
8. विभागाध्यक्ष राज्य आपदा नियंत्रण केन्द्र।
9. क्षेत्रिय निदेशक, सी0बी0एस0ई0 क्षेत्रिय कार्यालय देहरादून।
10. मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद देहरादून।
11. जिला सर्विलेन्स अधिकारी जनपद आई0डी0एस0पी0 यूनिट देहरादून।

**विषय : कोरोना वायरस के प्रभावकारी रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु दिनांक 31 जनवरी 2020 को प्रातः 11 बजे से आयोजित अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक विषयक।**

महोदय / महोदया,

जैसा की आप विदित हैं कि वर्तमान में भारत के पडोसी देश चीन में कोरोना वायरस novel coronavirus (nCoV) संक्रमण प्रसारित हो रहा है व नेपाल देश में कोरोना वायरस से संक्रमित एक रोगी की पुष्टि हुई है, चुंकि उत्तराखण्ड राज्य चीन एवं नेपाल दोनों ही देशों से अपनी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है, अतः उत्तराखण्ड राज्य में भी कोरोना वायरस के संक्रमण की सम्भावना हो सकती है इस हेतु राज्य में सतर्कता बरती जा रही है। उत्तराखण्ड राज्य में कोरोना वायरस के रोकथाम एव नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों की भी भागीदारी अति महत्वपूर्ण है।

उपरोक्त के दृष्टिगत कोरोना वायरस के प्रभावकारी रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 31 जनवरी 2020 को प्रातः 11 बजे से स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय परिचर्चा हाल द्वितीय तल में एक अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आहूत की गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त तिथि व समय पर अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीया

(डा0 अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / 2020 / 490

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।

(डा0 अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

Scanned with CamScanner

# कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
डाण्डा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून –248001
ई.मेल:- mdnhmuk@gmail.com फोन / फैक्स 0135-2608646


पत्रांक : UKHFWS/NHM/IDSP/2020/ 2795 दिनांक : 30/01/2020

सेवा में,

निदेशक (स्टोर),
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय उत्तराखण्ड।

**विषय : उत्तराखण्ड राज्य में कोरोना वायरस प्रबन्धन हेतु N 95 Mask एवं PPE kit क्रय करने विषयक।**

महोदय

जैसा की आप विदित हैं कि वर्तमान में भारत के पडोसी देश चीन में कोरोना वायरस novel coronavirus (nCoV) संक्रमण प्रसारित हो रहा है व नेपाल देश में कोरोना वायरस से संक्रमित एक रोगी की पुष्टि हुई है, चुंकि उत्तराखण्ड राज्य चीन एवं नेपाल दोनों ही देशों से अपनी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है, अतः उत्तराखण्ड राज्य में भी कोरोना वायरस के संक्रमण की सम्भावना हो सकती है। चीन देश में novel coronavirus 2019 (nCoV) के बढते हुए प्रभाव को देखते हुए भारत सरकार द्वारा समस्त राज्यों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 27.01.2020 को विडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से दिये गये निर्देशो के क्रम मे समस्त चिकित्सालयों तक सपोर्टिव ट्रीटमेन्ट व सामग्री (PPE, N 95 Mask, VTM etc) की उपलब्धता, प्रत्येक आईसोलेशन फैसेलिटी व अन्तर्राष्ट्रीय चैक पोस्ट पर पी0पी0ई0 किट व एन0–95 मास्क की पर्याप्त मात्रा पर उपलब्धता एवं सीमावर्ती क्षेत्र में आई0टी0बी0पी0 व अन्य सुरक्षा बलों जो भी सन्दिग्ध रोगियों के सम्पर्क में आते है उनके लिए एन0–95 मास्क की उपलब्धता हेतु निर्देश दिये है।

राज्य में कोरोना वायरस के संक्रमण को प्रसारित होने से रोकने के लिए पी0पी0ई0 किट व एन0–95 मास्क की उपलब्धता चिकित्सालयों, चैक पोस्ट एवं जनपद स्तर पर कोरोना वायरस से बचाव के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार की जानी है।

अतः उपरोक्तानुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में राज्य में कोरोना वायरस के प्रबन्धन हेतु अपने स्तर से आवश्यकतानुसार पी0पी0ई0 किट व एन0–95 मास्क क्रय करने का कष्ट करें।

भवदीय

(डा0 पंकज कुमार सिंह)
प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0

पत्रांक : UKHFWS/NHM/IDSP/2020/ 2795 दिनांक तदैव
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड।

(डा0 पंकज कुमार सिंह)
प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0

Scanned with CamScanner

# स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तराखण्ड

डांडा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।

**ई–मेल:** dghealth.uttarakhand@gmail.com **दूरभाष: 0135–2608763, फैक्स: 0135–2608746**


पत्रांक: 15प / भण्डार / 9 / 2019 / दिनांक 31 / 01 / 2020

**शीर्ष प्राथमिकता / अति महत्वपूर्ण**

**ई–मेल द्वारा**

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी / प्रमुख अधीक्षक /
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / अधीक्षिका,
..........................................., उत्तराखण्ड।

**विषयः उत्तराखण्ड राज्य में कोरोना वायरस प्रबन्धन हेतु एवं क्रय करने विषयक।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रभारी अधिकारी, आई0डी0एस0पी0, कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड के पत्रांक संख्या UKHFWS/NHM/IDSP/2020/2795 दिनांक 30.001.2020 द्वारा अवगत कराया गया है कि सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 27.01.2020 को वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से दिये गये निर्देशों के क्रम में समस्त चिकित्सालयों तक सपोर्टिव ट्रीटमेन्ट व सामग्री (PPE, N 95 Mask, VTM etc) की उपलब्धता, प्रत्येक आईसोलेशन फैसेलिटी व अन्तर्राष्ट्रीय चैक पोस्ट पर पी0पी0ई0 किट व एन–95 मास्क की पर्याप्त मात्रा पर उपलब्धता एवं सीमावर्ती क्षेत्र में आई0टी0बी0पी0 व अन्य सुरक्षा बलों जो भी संदिग्ध रोगियों के सम्पर्क में आते है उनके लिए एन–95 मास्क की उपलब्धता हेतु निर्देश दिये है।

अतः उपरोक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ चिकित्सालय में कोरोना वायरस के प्रबन्धन हेतु अपने स्तर से आवश्यकतानुसार पी0पी0ई0 किट व एन–95 मास्क की उपलब्धता बनाये रखना सुनिश्चित करें।

भवदीया

(अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

पत्रांक: 15प / भण्डार / 9 / 2019 / 1779 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: 1. वरिष्ठ निजी सचिव–सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, उत्तराखण्ड शासन को सचिव महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।

2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड।
4. निदेशक गढ़वाल मण्डल, पौडी।
5. निदेशक कुमॉऊ मण्डल, नैनीताल।
6. प्रभारी अधिकारी, आई0डी0एस0पी0, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड।

(अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

Scanned with CamScanner

# महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखण्ड

डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाष: 0135–2608763, फैक्स: 0135–2608746

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 54 दिनांक : 01/02/2020

सेवा में,

1. निदेशक,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
गढवाल मण्डल, पौडी गढवाल।

2. निदेशक,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
कुमाऊ मण्डल, नैनीताल

**विषय – कोरोना वायरस (Novel Coronavirus 2019) नियंत्रण एवं रोकथाम विषयक।**

महोदय,

जैसा की आप विदित हैं कि वर्तमान में भारत के पडोसी देश चीन में कोरोना वायरस (Novel Coronavirus 2019) संक्रमण प्रसारित हो रहा है व नेपाल देश में कोरोना वायरस से संक्रमित एक रोगी की पुष्टि हुई है, चुंकि उत्तराखण्ड राज्य चीन एवं नेपाल दोनों ही देशों से अपनी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है, अतः उत्तराखण्ड राज्य में भी कोरोना वायरस के संक्रमण की सम्भावना हो सकती है। कोरोना वाइरस संक्रमण को उत्तराखण्ड राज्य में प्रसारित होने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूर्ण रुप से समर्पित है। जैसा कि आप सूचित है कि उत्तराखण्ड राज्य में भारत एवं नेपाल सीमा आवागमन चेक पोस्टों व एयरपोर्ट पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा निरन्तर स्क्रीनिंग की जा रही है। ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग के सहयोग से सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष ग्राम सभा बैठकों का आयोजन कर जन जागरुकता की जा रही है व होटलों के लिए भी एडवाइजरी जारी की गयी है।

कोरोना वाइरस की रोकथाम के लिए समस्त गतिविधियां सुचारु रुप से संचालित की जानी है। अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने स्तर से दैनिक रुप से कोरोना वाइरस के रोकथाम हेतु संचालित गतिविधियों का अनुश्रवण करें व यह सुनिश्चित करें कि कोरोना वाइरस को लेकर किसी भी प्रकार के अनावश्यक भय की स्थिति उत्पन्न न हो। आप अपने स्तर से कोरोना वाइरस रोकथाम गतिविधियों की दैनिक स्थिति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराएं।

भवदीया

(डा0 अमिता उप्रेती)
o/c महानिदेशक

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 54
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. समस्त जिला अधिकारी, उत्तराखण्ड।
3. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तराखण्ड।

(डा0 अमिता उप्रेती)
o/c महानिदेशक

Scanned with CamScanner

# महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखण्ड

डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।

ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाष: 0135–2608763, फैक्स: 0135–2608746


दिनांक : 01/02/2020

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 53

सेवा में,

निदेशक,
चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखण्ड।

**विषय – कोरोना वायरस (Novel Coronavirus 2019) रोग नियंत्रण हेतु उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सेवा (Tertiary care) विषयक।**

महोदय,

जैसा की आप विदित हैं कि वर्तमान में भारत के पडोसी देश चीन में कोरोना वायरस (Novel Coronavirus 2019) संक्रमण प्रसारित हो रहा है व नेपाल देश में कोरोना वायरस से संक्रमित एक रोगी की पुष्टि हुई है, चुंकि उत्तराखण्ड राज्य चीन एवं नेपाल दोनों ही देशों से अपनी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है, अतः उत्तराखण्ड राज्य में भी कोरोना वायरस के संक्रमण की सम्भावना हो सकती है। कोरोना वाइरस संक्रमण को उत्तराखण्ड राज्य में प्रसारित होने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूर्ण रुप से समर्पित है।

महोदय आपसे अनुरोध है कि कोरोना वाइरस संक्रमण प्रसारित होने की संभावना को देखते हुए आप अपने स्तर से राज्य में संचालित समस्त राजकीय मेडिकल कालेजों में उच्च स्तरीय सुविधा (Tertiary care Facility) उपलब्ध करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें व कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीया

(डा0 अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 53

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गढवाल मण्डल, पौडी गढवाल।
5. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमाऊ मण्डल, नैनीताल।

(डा0 अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

Scanned with CamScanner

युगल किशोर पन्त, आई.ए.एस.
मिशन निदेशक
**Yugal Kishore Pant, I.A.S.**
Mission Director

उत्तराखण्ड शासन

**National Health Mission, Uttarakhand**
**(UKHFWS, D. MHFW, Govt. of Uttarakhand)**
Danda Lakhond, Sahastradhara Road, Dehradun-248001
Email- mdnhmuk@gmail.com Ph./Fax- 0135-2608646

Letter No. UKHFWS/NHM/2019-20/204
Date : 01/02/2020

Respected Sir,

I would like to bring to your kind notice that Uttarakhand state government is dedicatedly taking all necessary steps to prevent occurrence and spread of Corona Virus in the state. Currently there is no confirmed Corona Virus case reported in Uttarakhand. Any information regarding suspected Corona Virus case from government or private facility or from community is being actively investigated. To prevent any unusual event due to Corona Virus in Uttarakhand State, the state is conducting extensive surveillance in terms of entry screenings at Indo-Nepal borders and Airports.

In order to strengthen surveillance, we require thermal scanning at Airports and Indo-Nepal borders. I request you to kindly provide at least 5 thermal scanners for intensive screening at the port of entries in Uttarakhand state.

With regards

1/2/2020

**(Yugal Kishor Pant) IAS**
Mission Director, NHM

**To,**

**Shri Lav Agarwal,**
**Joint Secretary**
**MOHFW, Govt. Of India**

**Copy to following for information:**

1. Secretary, Medical Health and Family Welfare, Govt. of Uttarakhand.
2. Secretary (Incharge), Medical Health and Family Welfare, Govt. of Uttarakhand.
3. Director General, Medical Health and Family Welfare, Uttarakhand.

Scanned with CamScanner

# महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखण्ड
डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाष: 0135–2608763, फैक्स: 0135–2608746

दिनांक : 05/02/2020

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 2088

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
समस्त जनपद उत्तराखण्ड।

**विषय : भारत सरकार द्वारा प्राप्त List of Passenger पर कार्यवाही किये जाने विषयक।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक आई0डी0एस0पी0, राज्य सर्विलेंस यूनिट द्वारा दिनांक 04 फरवरी 2020 को प्रेषित ई–मेल (संलग्नक) का संदर्भ ग्रहण करना चाहें। जिसके द्वारा भारत सरकार से प्राप्त दिनांक 31 दिसम्बर 2019 से 29 जनवरी 2020 के दौरान चीन देश से आये यात्रियों की सूची (List of Passengers) प्रेषित की गयी है, जिस पर त्वरित रूप से निम्न समस्त आवश्यक कार्यवाहियां किया जाना अति महत्वपूर्ण है –

1. समस्त यात्रियों से संपर्क स्थापित कर उनकी स्वास्थ्य अवस्था के बारे में जानकारी।
2. उक्त यात्रियों के स्वास्थ्य दैनिक अनुश्रवण।
3. राज्य स्तर को दैनिक रिपोर्ट प्रेषण (प्रपत्र ए, बी, एवं सी संलग्न)।
4. यदि किसी यात्री की कोरोना वायरस संदिग्ध के रूप में पहचान होती है तो उसे आइसोलेट कर जांच हेतु सैम्पल भेजा जाना।

अतः आप अपने स्तर से जनपद में उपलब्ध मानव संसाधन का समुचित उपयोग करते हुए प्रेषित यात्रियों की Contact tracing एवं सर्विलेंस कर सूचना राज्य मुख्यालय को ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com एवं idsputtarakhand@gamil.com पर शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त कार्य तत्काल रूप से किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

भवदीया

(डा0 अमिता उप्रेती)
o/c महानिदेशक

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 2089
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गढवाल मण्डल, पौडी गढवाल।
5. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमाऊ मण्डल, नैनीताल।
6. स्टेट एस0एम0ओ0, विश्व स्वास्थ्य संगठन, देहरादून को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(डा0 अमिता उप्रेती)
o/c महानिदेशक

CS Scanned with CamScanner

संख्या ।।) /नि0स0 /सचिव (प्र0)/ चि0स्वा0 / 2020

प्रेषक,

डा0 पंकज कुमार पाण्डेय,
सचिव (प्रभारी),
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिला अधिकारी, उत्तराखण्ड।
2. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, उत्तराखण्ड।
3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तराखण्ड।

**चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** **देहरादून : दिनाँक : 07 फरवरी, 2020**

**विषय – कोरोना वायरस संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण विषयक।**

महोदय,

जैसा की आप विदित हैं कि वर्तमान में भारत के पडोसी देश चीन में कोरोना वायरस संकमण प्रसारित हो रहा है। कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार की वर्तमान स्थिति को देखते हुए उत्तराखण्ड राज्य में भी कोरोना वायरस के प्रसारित होने की संभावना हो सकती है। प्रायः यह देखा जा रहा है कि कोरोना वायरस संदिग्ध एवं सैम्पल जांच को लेकर आम जन मानस में विभिन्न प्रकार की भ्रान्तियां फैल रही हैं जिससे समुचित चिकित्सकीय व स्वास्थ्य सुविधायें दिये जाने में चिकित्सकों को विभिन्न चुनौतिगों का सामना करना पड़ रहा है। कोरोना वायरस को लेकर होम आइसोलेशन, हॉस्पिटल आइसोलेशन, सैम्पल जांच एवं डिस्चार्ज पालिसी हेतु अनिवार्य दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जाना है जो इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जा रहे हैं।

अतः आप अपने स्तर से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें ताकि कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति को उत्पन्न होने से रोका जा सके।

इसके अतिरिक्त समय–समय पर भारत सरकार द्वारा चीन देश से आने वाले व्यक्तियों की सूची भी प्रेषित की जा रही है जिसे आई0डी0एस0पी0 राज्य यूनिट द्वारा जनपद वार मुख्य चिकित्साधिकारियों को प्रेषित किया जा रहा है। इन व्यक्तियों को समय से सम्पर्क कर निगरानी मे लिया जाना अत्यन्त आवश्यक है ताकि किसी भी संदिग्ध रोगी को समय से पहचान कर संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। अतः आप अपने स्तर से जनपद मे उपलब्ध मानव एवं अन्य संसाधनो का समुचित उपयोग करते हुए समस्त यात्रियों को शीघ्र अति शीघ्र सम्पर्क कर निगरानी करने का कष्ट करें। सम्पर्क किये जाने वाले यात्री हेतु एक सूचना पत्र संलग्न है।

**संलग्नक : यथोपरि।**

भवदीय,

(हस्ताक्षर) 7/2/2020

**(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)**
सचिव (प्रभारी)

**संख्या : ।।। /नि0स0/ सचिव (प्र0) / चि0स्वा0 / 2020 तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।

**(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)**
सचिव (प्रभारी)

Scanned with CamScanner

अति महत्वपूर्ण


# महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखण्ड

डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।

ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाष: 0135–2608763, फैक्स: 0135–2608746


पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 491 | दिनांक : 11/02/2020

अनुस्मारक–1

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
समस्त जनपद उत्तराखण्ड।

**विषय : कोरोना वायरस रोकथाम एवं नियंत्रण विषयक।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि आपके द्वारा किये जा रहे निरन्तर अथक प्रयासों के फलस्वरूप राज्य में अभी तक कोरोना वायरस संक्रमण सम्बन्धित किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है जो कि सराहनीय है। इसी क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्रांक 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 483 दिनांक 25 जनवरी 2020 एवं 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 2088 दिनांक 05 फरवरी 2020 (संलग्न) के क्रम में राज्य में कोरोना वायरस संकमण के समुचित रोकथाम हेतु निम्न कार्यवाहियां निरन्तर की जानी हैं :

1. जनपद स्तर पर प्रमुख चिकित्सालयों / मेडिकल कालेज चिकित्सालयों में कोरोना वायरस रोगियों हेतु मानक दिशा निर्देशों के अनुसार पर्याप्त आइसोलेशन फैसिलिटी तैयार रखनी है। आइसोलेशन फैसिलिटी हेतु एक चैकलिस्ट भी संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। आप अपने स्तर से यथाशीघ्र समस्त आइसोलेशन फैसिलिटी को चैकलिस्ट अनुसार तैयार रखें व यथाशीघ्र चिकित्सालयवार चैकलिस्ट भरकर राज्य आई0डी0एस0पी0 यूनिट को ई–मेल idsputtarakhand@gmail.com पर प्रेषित करें।

2. प्रत्येक आइसोलेशन फैसिलिटी में पर्याप्त मात्रा में सपोर्टिव ट्रीटमेन्ट व एन–95 मास्क एवं पी0पी0ई0 किट की उपलब्धता रहे।

3. वेन्टीलेटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

4. उक्त आइसोलेशन फैसिलिटी हेतु नोडल अधिकारी नामित रखें एवं पर्याप्त मेडिकल स्टाफ को तैनात किया जाये। उक्त मेडिकल स्टाफ को कोरोना वायरस संक्रमण के प्रबन्धन हेतु प्रशिक्षित किया जाये।

5. जनपद में समस्त मेडिकल स्टाफ को कोरोना वायरस निरोधात्मक कार्यवाही में प्रशिक्षित किया जाये।

6. जनपद स्तर पर पर्याप्त मात्रा में एन–95 मास्क एवं पी0पी0ई0 किट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

7. संदिग्ध मरीज को लाने व ले जाने के लिए पृथक से एक एम्बूलैंस की व्यवस्था रखें जिसमें इन्फेक्शन कन्ट्रोल की सुविधा हो।

8. सीमावर्ती क्षेत्रों में ग्राम सभा / ग्राम पंचायतों की विशेष बैठक निरन्तर की जाती रहें व बैठक के माध्यम से कोरोना वायरस को लेकर जन जागरूकता की जाये एवं अद्यतन सूचना से राज्य मुख्यालय को अवगत करायें।

Scanned with CamScanner

क्रमशः

9. भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी चीन देश से आये यात्रियों की सूची (List of Passengers) पर त्वरित रूप से समस्त आवश्यक कार्यवाहियां कर अद्यतन सूचना दैनिक रूप से राज्य मुख्यालय को प्रेषित करें।

10. जनपद स्तर पर कोरोना वायरस नियंत्रण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाये जिसके द्वारा समस्त निरोधात्मक गतिविधियों का कियान्वयन व निरन्तर अनुश्रवण किया जाये एवं चिकित्सकों व अन्य कर्मियों की रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगायी जाये।

11. यह भी सुनिश्चित करें कि आम जनमानस मे अनावश्यक भय की स्थिति ना उत्पन्न हो।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

भवदीया

(डा0 अमिता उप्रेती)
o/c महानिदेशक

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / **nCoV** / 2020 / 492 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गढवाल मण्डल, पौडी गढवाल।
5. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमाऊ मण्डल, नैनीताल।
6. निदेशक, चिकित्सा शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।

(डा0 अमिता उप्रेती)
o/c महानिदेशक

CS Scanned with CamScanner

**कार्यालय** महानिदेशक, **चिकित्सा** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांकः– 02प / रा0पु0 / विविध / 77 / 2019 / दिनांक 11.02.2020

कार्यालय ज्ञाप

एतदद्वारा कोरोना वायरस के सर्वेलांस के दृष्टिगत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा के अधीन कार्यरत निम्न बाण्डधारी चिकित्सकों को 07 मार्च 2020 तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पिथौरागढ़ के अधीन तैनात किया जाता है। इन चिकित्सकों के रहने एवं खाने की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पिथौरागढ़ द्वारा की जायेगी।

आदेशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुये इन चिकित्सकों को तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पिथौरागढ़ को योगदान देने हेतु कार्यमुक्त करें। यदि इनमें से कोई चिकित्सक अनुपस्थित हो, तो उसके स्थान पर किसी अन्य चिकित्सक का आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा अपने स्तर से करना सुनिश्चित करें। इन चिकित्सकों के वेतन/भत्ते आदि पूर्ववत इनकी मूल तैनाती के स्थान से आहरित होते रहेंगे।

| क्र.सं. | चिकित्सक का नाम | तैनाती स्थल |
|---|---|---|
| 1. | डा0 दीपक शर्मा | अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा। |
| 2 | डा0 सिद्धांत सिंघल | अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा। |
| 3 | डा0 सिद्धार्थ गर्ग | अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा। |
| 4 | डा0 अजय कुमार | अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा। |
| 5 | डा0 भूपेंद्र सिंह नयाल | अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा। |
| 6 | मो0 इरशाद हसैन सैफी | अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा। |
| 7 | डा0 चंद्र शेखर सिंह बोरा | अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा। |
| 8 | डा0 आलोक | अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा। |

(अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांकः– 02प / रा0पु0 / विविध / 77 / 2019 / 2510 तद दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कुमाँऊ मण्डल, नैनीताल।
3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा/पिथौरागढ़।

(अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

Scanned with CamScanner

संख्या 114 /नि०स०/सचिव (प्र०)/चि०स्वा०/ 2020

प्रेषक,

डा० पंकज कुमार पाण्डेय,
सचिव (प्रभारी),
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिला अधिकारी, उत्तराखण्ड।
2. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, उत्तराखण्ड।
3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तराखण्ड।

**चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** **देहरादून : दिनाँक : 14 फरवरी, 2020**

**विषय – कोरोना वायरस COVID-19 रोकथाम हेतु ग्राम स्तरीय समिति द्वारा कार्यवाही विषयक।**

महोदय,

जैसा कि आप विदित हैं कि कोरोना वायरस संक्रमण एक अन्तर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य समस्या के रूप मे परिलक्षित हो रहा है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निरन्तर कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है व समीक्षा की जा रही है।

आप सभी के निरंतर प्रयासों से उत्तराखण्ड राज्य में वर्तमान तक कोरोना वायरस संक्रमण की कोई भी असामान्य स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है जो कि सराहनीय है। किन्तु कोरोना वायरस संक्रमण के पूर्ण नियंत्रण के लिए निरन्तर कार्यवाही करते रहना आवश्यक है। इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा दिशा निर्देशित किया गया है कि कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु आमजनमानस में जन जागरूकता किया जाना अति आवश्यक है। अतः आप अपने स्तर से प्रत्येक ग्राम स्तर पर पुलिसकर्मी, राजस्वकर्मी, ग्राम पंचायत सदस्य, आंगनवाडी कार्यकत्री, आशा कार्यकत्री व ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों इत्यादि के द्वारा एक ग्राम स्तर समिति (village level committee) के रूप मे कोरोना वायरस संक्रमण की पहचान व बचाव हेतु जन जागरूकता किये जाने हेतु कार्यवाही करें। यदि ग्राम स्तर समिति द्वारा किसी URTI (Upper Respiratory Tract Infection) से संक्रमित व्यक्ति की पहचान की जाती है, तो तुरन्त निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों को सूचित किया जाये।

इन ग्राम स्तरीय समितियों से नियमित रूप से सम्पर्क रखा जाये व किसी भी असामान्य स्थिति की सूचना के लिए सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी/कन्ट्रोल रूम का दूरभाष न० प्रदान किया जाये। इन समितियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की दैनिक समीक्षा की जाये व राज्य को भी इसकी सूचना निरन्तर प्रदान की जाये।

भवदीय,

**(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)**
सचिव (प्रभारी)

**संख्या : 114 /नि०स०/सचिव (प्र०)/चि०स्वा०/2020, तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल /कुमाऊ मण्डल।
5. प्रभारी अधिकारी आई०डी०एस०पी०।

**(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)**
सचिव (प्रभारी)

Scanned with CamScanner

# महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखण्ड
डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाष: 0135–2608763, फैक्स: 0135–2608746

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 495 दिनांक : 17/02/2020

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
समस्त जनपद उत्तराखण्ड।

**विषय : कोरोना वायरस संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु Standard Operating Procedures (SOP) for corona virus infection prevention and control all aspects अनुसार कार्यवाही करने विषयक।**

महोदय / महोदया,

जैसा कि आप विदित है कि कोरोना वायरस संक्रमण एक अन्तर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य समस्या के रूप मे परिलक्षित हो रहा है। उत्तराखण्ड राज्य चीन एवं नेपाल दोनों ही देशों से अपनी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है, अतः उत्तराखण्ड राज्य में भी कोरोना वायरस के संक्रमण की सम्भावना हो सकती है, हालांकि आप सभी के निरंतर प्रयासों से उत्तराखण्ड राज्य में वर्तमान तक कोरोना वायरस संक्रमण की कोई भी असामान्य स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है जो कि सराहनीय है। कोरोना वायरस संक्रमण के पूर्ण नियंत्रण के लिए निरन्तर कार्यवाही करते रहना होगा ताकि यह किसी भी प्रकार की महामारी का रूप ना ले सके।

उपरोक्त के क्रम में कोरोना वायरस संक्रमण प्रबन्धन हेतु Standard Operating Procedures (SOP) for corona virus infection prevention and control all aspects संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही के लिए आपको प्रेषित की जा रही है।

अतः कोरोना वायरस संक्रमण प्रबन्धन हेतु आप जनपद स्तर पर Standard Operating Procedures (SOP) for corona virus infection prevention and control all aspects अनुसार उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(डा0 एस0के0 गुप्ता)
निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य)

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 496
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
2. महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड।
3. प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0।

(डा0 एस0के0 गुप्ता)
निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य)

Scanned with CamScanner

# महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखड

डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाष: 0135–2608763, फैक्स: 0135–2608746

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 497 दिनांक : 17/02/2020

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद चम्पावत, उधमसिंह नगर, पिथौरागढ।

**विषय : कोरोना वायरस संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण प्रबन्धन के अन्तर्गत नेपाल से अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करने वाले जनपदों में समुदाय स्तर पर जन जागरूकता हेतु संचालित आई0ई0सी0 गतिविधियों का निरीक्षण हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार दिल्ली की टीम का क्षेत्र भ्रमण विषयक।**

महोदय,

Emergency Medical Relief, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के पत्रांक F.No.Z.Z.28015/01/2020 EMR दिनांक 15/02/2020 (संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि कोरोना वायरस संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण प्रबन्धन के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य के नेपाल से अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करने वाले जनपदों में समुदाय स्तर पर जन जागरूकता हेतु संचालित आई0ई0सी0 गतिविधियों का विस्तृत निरीक्षण हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार दिल्ली की केन्द्रीय टीम दिनांक 18 से 20 फरवरी 2020 तक उक्त जनपदों का भ्रमण करेगी। जनपद वार निरीक्षण हेतु केन्द्रीय टीम के सदस्य का विवरण निम्नवत है :

जनपद चम्पावत व उधमसिंह नगर

1. Dr. Nandi Bhattacharya, Public Health Specialist, AIIHPH, Kolkatta.
2. Dr. Ashok Singh, Prof. TB Chest Dept. LHMC Delhi.

जनपद पिथौरागढ

1. Dr. Nitin Mahajan, Assitant Directr, NCDC Delhi.
2. Dr. Niharika Agarwal, Physician, LHMC, Delhi.

अतः उपरोक्त के क्रम में आप स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार दिल्ली की केन्द्रीय टीम हेतु उक्त तिथियों मे क्षेत्र भ्रमण हेतु वाहन की व्यवस्था करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को केन्द्रीय टीम को सहयोग व आवश्यक तैयारियां करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
संलग्न : उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(डा0 एस0के0 गुप्ता)
प्रभारी निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य)

पत्रांक : 23प / आई0डी0एस0पी0 / CoV / 2020 / 498
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
2. महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण उत्तराखण्ड।
3. प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0।
4. जिला सर्विलेन्स अधिकारी आई0डी0एस0पी0 यूनिट जनपद चम्पावत, उधमसिंह नगर, पिथौरागढ।

(डा0 एस0के0 गुप्ता)
प्रभारी निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य)

Scanned with CamScanner